प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–15.09.2023 (सं0–404)

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	जिला/थाना	संक्षिप्त
01.	भागलपुर/ सुल्तानगंज थाना	➢ जिले के टॉप–10 में शामिल कुख्यात वांछित अपराधकर्मी मंटू यादव दिनांक–11.09.2023 को गिरफ्तार, देशी कट्टा–01, जिंदा गोली–10 बरामद किया गया।
02.	सहरसा/ सदर थाना	➢ अपराध करने से पूर्व अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–12.09.2023 को सदर थाना अन्तर्गत पटराहा मिडिल स्कूल के के निकट अपराध करने की योजना बनाते 03 अपराधकर्मी आशीष यादव, अंशु शर्मा एवं मानस कुमार गिरफ्तार, देशी पिस्टल–01, जिन्दा कारतूस–06, नगद रुपये 35,000/–एवं लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।
03.	भोजपुर/ चरपोखरी थाना	➢ 10 वर्षों से नक्सल काण्ड में फिरार नक्सली केशो यादव गिरफ्तार। ➢ दिनांक–12.09.2023 को चरपोखरी थानान्तर्गत 10 वर्षों से नक्सल काण्ड में फिरार नक्सली केशो यादव गिरफ्तार। गिरफ्तार माओवादी एरिया कमाण्डर था एवं लैण्ड माइन्स एक्सपर्ट के रूप में जाना जाता था।
04.	कटिहार/ साइबर थाना	➢ साइबर अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई। ➢ दिनांक–11.09.2023 को साइबर थाना द्वारा फर्जी फिंगर प्रिन्ट एवं आधार कार्ड से बैंक खाता से पैसा निकालने वाले गिरोह का उदभेदन करते हुए 01 साइबर अपराधी साजन कुमार को गिरफ्तार। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से नगद 1,35,000/–रुपये, कार, लैपटॉप, प्रिन्टर, स्कैनर, आधार कार्ड की छायाप्रति, नकली थम्ब इम्प्रेशन, ए0टी0एम0 इत्यादि बरामद।
05.	मोतिहारी/ केसरिया थाना	➢ जिले का कुख्यात अपराधी राजन यादव उर्फ राजकुमार यादव दिनांक–13/14.09.2023 की रात्रि में गिरफ्तार। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी मोतिहारी जिला के डुमरिया थानान्तर्गत आइ0सी0आइ0सी0आइ0 बैंक में हुए लूट काण्ड में शामिल था एवं इसके विरुद्ध मोतिहारी एवं गोपालगंज जिले में लूट सहित कई काण्ड अंकित हैं।
06.	मोतिहारी/ केसरिया थाना	➢ दिनांक–13.09.2023 को केसरिया थानान्तर्गत कुशहर डेल्ही माई स्थान के समीप लूट की योजना बनाते 05 अपराधकर्मी गिरफ्तार, देशी रिवॉल्वर–01, कारतूस–06, कार–01 सहित अन्य सामान बरामद किये गये।
07.	सारण/ मशरख थाना	➢ दिनांक–13.09.2023 को मशरख थानान्तर्गत कर्णकुदरीया स्थित धोबिया गाछी के पास कुछ अपराधकर्मियों के द्वारा डकैती की योजना बनाते 06 अपराधकर्मी गिरफ्तार। देशी कट्टा–02, जिन्दा कारतूस–04, मोटरसाइकिल–02, लूटी गई मोटरसाइकिल–01, लूट की राशि–15,000/–रुपये एवं मोबाइल–06 बरामद किया गया।